





नवभारत

भोपाल, शनिवार 11 अक्टूबर, 2025


## एक नजर में

### 5 वर्ष से फरार इनामी आरोपी हिरासत में

**बोड़ा 10 अक्टूबर, सं.** जिले में फरार आरोपियों, स्थाई वारंटियों एवं गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है. इसी क्रम में बोड़ा थाना पुलिस ने ग्राम गुलखेडी के 5 वर्ष से फरार 10 हजार के इनामी उद्घोषित आरोपी सारिका पति आनंद सिसोदिया, उम्र 35 वर्ष, आनंद पिता मेहरबान सिंह सिसोदिया, जाति सासी, उम्र 38 वर्ष दोनों निवासी ग्राम गुलखेडी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. उपरोक्त आरोपी थाना बोडा के अपराध क्रमांक 225/2020, धारा 363, 370, 420, 120-बी, 34 भा.दं.वि. एवं इजाफा धारा 467, 468, 471 भा.दं.वि., 79, 83(2), 84, 75 जेजे एक्ट में वांछित थे तथा घटना दिनांक से फरार चल रहे थे. मुखबिर सूचना के आधार पर गुलखेडी जोड़ पर दबिश दी गई, जहां से दोनों उद्घोषित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. कार्यवाही में थाना प्रभारी बोडा उनि. देवेन्द्र राजपूत, उनि. आर.पी. मिश्रा, सउनि. मांगीलाल शिवहरे, रामनारायण जटिया, दुष्यंत, धर्मेन्द्र जाट, पर्वत सिंह, सुनील सोलंकी एवं सुमन सिंह शामिल रहे.

### सेवानिवृत्ति पर विद्यालय ने दी विदाई

**पड़ाना 10 अक्टूबर, सं.** समीप ग्राम मऊ में संदीपनी स्कूल परिसर में प्राथमिक प्रधान अध्यापक देवी सिंह भिलाला का सेवानिवृत्ति होने पर विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया. विदाई समारोह के दौरान श्री भिलाला द्वारा उपस्थित अतिथियों शिक्षकों एवं छात्रों का स्वागत और आभार व्यक्त कर अपने अनुभव और यादें साझा किए. इस मौके पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेश बिरमल, सेवानिवृत्ति विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीएल सूर्यवंशी, पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचोर प्राचार्य श्रीमती मंजू गुप्ता, ग्राम पंचायत सरपंच रईस मंसूरी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि फतेह सिंह राजपूत, गोरेलाल भिलाला, चिंतन कुमार, गुलावता संकुल प्राचार्य लक्ष्मी नारायण नागर, पड़ाना संकुल प्रभारी शिवनारायण वर्मा, सेवानिवृत्ति शंकर लाल मालवीय, रामचरण मालवीय, चिंतामणि वर्मा, बापू लाल मालवीय, संदीपनी संस्था प्राचार्य शंकर लाल भारती, लक्ष्मी नारायण सूर्यवंशी, जावेद बैग मिर्जा, राजेश परमार, अनिल कुमार सेन, भोजराज पालीवाल, राहुल यादव, इत्यादि उपस्थित रहे.

# लापरवाह यातायात पर कसेंगे नकेल

## ओवरलोडिंग, ओवर स्पीकडिंग, दारू पीकर गाड़ी चलाने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 10 अक्टूबर, का. जिला सड़क सुरक्षा समिति बैठक में जिले में लापरवाह यातायात पर नकेल कसे जाने, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीडिंग एवं दारू पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध सख्तय कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया. यातायात पुलिस को निर्देश दिए गए कि बगैर हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाए.**



समिति का यह निर्णय महत्व पूर्ण रहा कि जिले में चिन्हिंत ब्लेीक स्पॉिट पर सुरक्षा मानक नहीं अपनाए जाने पर दोबारा दुर्घटना की स्थिति बनने पर संबंधित सड़क एजेंसी भी एफ.आई.आर. के दायरे में लाई जाए. बैठक में निर्देशित किया कि जिले के सभी हॉट स्पॉजट एरिया को जीआईएस पर मैप किए जाए. बैठक में पिछली बैठक के कार्यवाही विवरण पर कम्पपलेन्सि न करने पर जिला परिवहन अधिकारी व थाना प्रभारी यातायात को चेतावनी भरा नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. ब्यावरा में हाईवे किनारे होटल ढाबे वालों ने रोड़ पर टेबल कुर्सिया लगाए हुए हैं उनका अतिक्रमण हटाया जाए. बैठक में समिति अध्येक्ष कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित समस्त एसडीएम, राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी, मध्यसप्रदेश सडक विकास निगम के अधिकारी एवं समिति सदस्यी मौजूद थे.

बैठक में जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जो वाहन चालक सुरक्षा नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं उनके विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की जाए. स्कूल बसों की सुरक्षा के प्रति काफी सजगता रखी जाए. जिला परिहवन अधिकारी सभी स्कूलों बसों की फिटनेस की जांच कर 15 दिवस के अंदर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे. बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में हर हाल में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जाए. इसके लिए सभी ऐहतियाती सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं. दुर्घटना की स्थिति में प्रभावितों को तत्काल चिकित्साकीय सहायता मिले. कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षा इंतजामों के अभाव में होने वाली दुर्घटनाओं को गंभीरता से लिया जाएगा एवं इनके कारणों पर सूक्ष्मत विश्लेषण होगा. गंभीर दुर्घटना में किसी एजेंसी की लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जाएगी. उन्होंने कहा कि 108 के सभी ड्रायवरों का पुलिस वेरिफिकेशन किया जाए. बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में 2 व्हीलर से आने वाले अधिकारी-कर्मचारी हेलमेट पहनकर ही कार्यालय आए, पालन नहीं करने पर अधिकारी-कर्मचारियों पर चालानीय कार्यवाही की जाए.

# साढ़े 9 लाख की 156 लीटर अवैध शराब जब्त

नवभारत न्यूज

**बोड़ा 10 अक्टूबर, सं. जिले में जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान के तहत बोड़ा थाना पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम गुलखेड़ी में अवैध शराब विक्रय की सूचना पर तीन टीमों का गठन कर दबिश दी गई. जिसमें साढ़े 9 लाख रूपए की 156 लीटर अवैध शराब जब्त की है.**

मामले में पुलिस ने आशिक पिता कंवरलाल सांसी, निवासी ग्राम गुलखेड़ी, गब्बर पिता कंवरलाल सांसी, निवासी ग्राम गुलखेड़ी, मनोज पिता जगदीश सांसी, निवासी ग्राम गुलखेड़ी, बंटी पिता दादड़ सांसी, निवासी ग्राम गुलखेड़ी, बंटी की पत्नी, निवासी ग्राम गुलखेड़ी, माखन पिता रामप्रसाद सांसी, निवासी ग्राम गुलखेड़ी, संदीप पिता मानसिंह भीलाला, निवासी बोडा से माल बरामद किया गया है. जिसमें देशी एवं अंग्रेजी शराब कुल 156 लीटर, शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहन महिन्द्रा बोलेरो कुल अनुमानित मूल्य 9 लाख 64 हजार 100 रूपए है. उपरोक्त प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रथक प्रथक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिये गये. उनि देवेंद्र सिंह राजपूत (थाना प्रभारी), उनि रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, सउनि मांगीलाल शिवहरे, रामनारायण जटिया, धनसिंह, दुष्यंत जाट, सुनील सोलंकी, धर्मेंद्र जाटव, पर्वतसिंह रुहैला, महेश राजपूत का सराहनीय योगदान रहा.



# संकल्प अभियान भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग है

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 10 अक्टूबर, का.** शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' को लेकर पत्रकार वार्ता में सांसद रोडमल नागर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल विधायक मोहन शर्मा हजारीलाल दांगी, अमर सिंह यादव, जिला महामंत्री देवी सिंह सोंधिया, अमित शर्मा, रामचंद्र जलालिया मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी उपस्थित थे. सांसद नागर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग है. भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने कहा कि स्वदेशी का आदर्श लोकमान्य तिलक, श्री अरबिंदो और महात्मा गांधीजी जैसे दूरदर्शी नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम की एक मार्गदर्शक शक्ति बना था.

**स्वदेशी अपनाने घर-घर संपर्क करेंगे** संकल्प अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश भर में व्यापक अभियान चलाएंगे. 25 सितंबर से शुरू हुआ यह अभियान 25 दिसंबर तक चलेगा. 1 से 30 नवंबर तक स्वदेशी रील्स प्रतियोगिता ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता, आत्मनिर्भर भारत निबंध प्रतियोगिता, आत्मनिर्भर भारत स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा.

1 से 25 दिसंबर तक घर-घर संपर्क, 16 से 30 अक्टूबर तक महिला एवं युवा सम्मेलन, 1 से 15 नवंबर तक व्यापारी, लघु उद्योगी एवं प्रोफेशनल्स सम्मेलन व कालेज स्तरीय स्वदेशी संकल्प सेमीनार, 16 से 30 नवंबर तक स्वदेशी मेला, 1 से 25 दिसंबर तक घर-घर संपर्क, आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ और पदयात्रा का आयोजन होगा. मंडल स्तर पर 15 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच मंडल सम्मेलन, 16 से 30 नवंबर तक महिला एवं युवा सम्मेलन होंगे.

# उपयंत्री 16 अगस्त से अवकाश पर पंचायतों में मनरेगा कार्य ठप्प

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 10 अक्टूबर, सं.** केंद्र सरकार द्वारा संचालित पंचायत एवं ग्रामीण विकास द्वारा गांवों के विकास के लिए मनरेगा योजना चल रही है लेकिन उपयंत्रियों की लम्बे समय से चल रही अवकाश से गरीब मजदूरों को आर्थिक परेशानी हो रही है. मध्यप्रदेश में मनरेगा उप यंत्रियों के लंबे अवकाश की वजह से यह योजना अब सरपंचों, मजदूरों के लिए परेशानी का वजह बनी है. वर्षाकाल में मनेरगा काम बंद थे जो 15 सितंबर के बाद कार्य प्रारंभ हो जाते हैं. लेकिन मनरेगा अभियंता संघ प्रदेश अध्यक्ष सतीश समेले उपयंत्री के आव्हान पर प्रदेश के सभी मनरेगा उपयंत्री विगत 16 अगस्त 25 से अवकाश पर है.

मनरेगा अभियंता संघ की 8 सूत्रीय मांगों के निराकरण हेतु शासन तक मांग पहुंचाई गई लेकिन निराकरण नहीं होने से अवकाश पर उपयंत्रियों के होने से समस्या बढ़ती जा रही है. मनरेगा उपयंत्रियों को रक्षाबंधन के बाद से ही वेतन नहीं मिला है. ऐसे में आर्थिक तंगी के दौर से गुजरना पड़ रहा. अवकाश पर चले रहे मनरेगा उप यंत्रियों के पक्ष में सरपंच संघ आया है. मनरेगा अभियंता संघ की मांग है कि मनरेगा उपयंत्री की मृत्यु होने पर आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए. किसी भी प्रकरण में पद से पृथक किये जाने के बजाय केवल निलंबित करने का प्रावधान किया जाए. संविदा नवीनीकरण एक वर्ष नहीं सीआर के आधार पर 5 वर्ष में नवीनीकरण किया जाए. समय पर वेतन मिले और केवल तकनीकी कार्य ही करवा जाए.

### राजगढ़ जिले मे पदस्थ 33 उपयंत्री अवकाश पर

प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, मनरेगा आयुक्त आदि को पत्र लिखकर मांग की गई कि ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा कार्य शुरू ना होने से ग्रामीणों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है. विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं. अतः मनरेगा उपयंत्रियों की जायज मांगों पर विचार कर जल्द ही मनरेगा कार्य शुरू करवाएं जिससे क्षेत्र में विकास हो.और गरीब मजदूरों को रोजगार मिले.

# नरसिंहगढ़ जेल का किया निरीक्षण

**राजगढ़ 10 अक्टूकबर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में गुरूवार को नरसिंहगढ़ स्थित जेल का निरीक्षण नरसिंहगढ़ एसडीएम सुशील कुमार की उपस्थिति में किया गया. जांच के दौरान जेल में कैदियों को परोसे जाने वाले खाद्य सामग्री, भंडारण एवं क्रय का आवश्यक रिकॉर्ड को देखा. जेल परिसर में कैदियों को परोसी जाने वाले खाद्य सामग्री बनाने के तरीके एवं खाद्य सामग्री का भंडारण उचित तरीके से नहीं पाया गया. मुख्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावके द्वारा बताया गया कि साथ ही नरसिंहगढ़ स्थित हिमालय रेस्टोरेंट एंड कैफे शिकायत के आधार पर निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान पाई गई अनेक कमियों एवं पनीर का नमूना जांच हेतु लिया गया. इसके साथ ही त्यौहार को ध्यान में रखते हुए विभिन्न किराना दुकान अनूप स्टोर, शकील किराना, भाटी किराना, अब्बास किराना एवं अन्य किराना दुकानों की जांच की गई. जांच के दौरान पनीर, गुलाब जामुन मिक्स, राजनदान गुलाब जामुन मिक्स, फिंगर इत्यादि के नमूने जांच के लिए गए. वहीं हिंद बेकरी से टॉस एवं पाम तेल का नमूना जांच हेतु लिया गया.

# साइबर ठगी में राजस्थान पुलिस ने किया गिरफ्तार

## राजगढ़ जिले के पटाडिया धाकड़ गांव का है आरोपी राजेश नागर

नवभारत न्यूज

**पचोर 10 अक्टूबर, सं. भवानीमंडी पुलिस ने चार सदस्यीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है. गिरोह फर्जी फर्मों के नाम पर करंट खाते खरीद-बेचकर म्यूल अकाउंट के जरिए करोड़ों की ठगी कर रहा था. गिरफ्तार आरोपियों में सबसे बड़ा नाम सामने आया है. राजेश नागर 30, निवासी पटाडिया धाकड़, थाना पचोर, जिला राजगढ़ का.**



पुलिस जांच में अब तक 308 से अधिक साइबर फ्रॉड शिकायतें इन खातों से जुड़ी पाई गई हैं. पुलिस के अनुसार गिरोह में भवानीमंडी, झालावाड़ और कोटा के युवक भी शामिल हैं. साथ ही एक पूर्व बैंक कर्मचारी भी पकड़ा गया है.

राजेश नागर के पकड़े जाने के बाद यह साफ हो गया है कि साइबर ठगी का नेटवर्क राजगढ़ जिले तक फैला हुआ है. विशेषज्ञों का मानना है कि इतने बड़े पैमाने पर ठगी करने वाला आरोपी अकेला नहीं हो सकता. जिले में उसके अन्य साथी और मददगार भी सक्रिय हो सकते हैं. इस कारण स्थानीय नागरिकों और साइबर एक्सपर्ट्स ने जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी से मांग की है कि जिलेभर में संदिग्ध बैंक खातों, फर्जी फर्मों और अचानक बढ़े वित्तीय लेन-देन की जांच कराई जाए.

# आज तीन घंटे बंद रहेगी बिजली

**ब्यावरा 10 अक्टूबर, का.** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मेंटिनेंस कार्य करने के कारण नगर के प्रमुख क्षेत्र में तीन घंटे बिजली बंद रखने की सूचना जारी की गई है. विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार शनिवार 11 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तीन घंटे बंद रहेगी. जिन क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी उनमें सुदामा नगर, अपना नगर, स्वरूप नगर, तुलसी नगर, तोमर कॉलोनी, विश्वनाथ कॉलोनी, आदर्श नगर, कृष्णपुरा कॉलोनी, दोलत नगर, हरिओम कॉलोनी, बस स्टेण्ड गुना नाका शामिल है.






शताब्दी वर्ष

## जिले में 86 वर्ष पुराना है संघ का इतिहास, 1944 में भाऊसाब इंदुकर पहले प्रचारक बने

# 1939 में खुजनेर में लगी थी संघ की पहली शाखा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 10 अक्टूबर, का.** जिले में संघ का इतिहास 86 वर्ष पुराना है. जिले में संघ कार्य की दृष्टि से पूर्व मे 6 तहसीलें थी. जिसमें राजगढ़, खिलचीपुर, जीरापुर, ब्यावरा नरसिंहगढ़ और पचोर शामिल है. राजगढ़ जिले में सबसे पहले संघ कार्य का श्री गणेश खुजनेर नगर में पहली शाखा के माध्यम से सन 1939 में हुआ. और उसके बाद सन 1944 में भाऊसाहब इंदुकर जिले के पहले जिला प्रचारक नियुक्त होकर आये. वह रियासतों का काल था. किसी बाहरी व्यक्ति के आने पर ही निगरानी रखी जाती थी और यदि कोई किसी संगठन का कार्य करने आया हो तो और भी अधिक निगरानी रखी जाती थी पुलिस बार-बार पूछताछ करती थी. इस कारण स्वतंत्र रूप से संगठन का कार्य करना बहुत ही कठिन था. उन दिनों राजगढ़ के दीवान थे लेले.

प्रचारक भाऊसाहब बताते थे कि राजगढ़ की पहली शाखा रामलीला मैदान में लगती थी वहां के प्रारंभिक स्वयंसेवकों में गोविंदवल्लभ त्रिपाठी, प्रीतम लाल जोशी, चुन्नीलाल मौर्य, लक्ष्मी नारायण प्रजापति, श्रीनाथ गुप्ता और शंभूदयाल सक्सेना थे. राजगढ़ में हो रही असुविधा को देखते हुए मैं इंदौर के एक बैंक मैनेजर काका टकले के पास पंहुचा और वहां जाकर मैंने दीवान साहब के बारे में बताया तो वह परिचित थे इस परिचय पत्र के माध्यम से मेरा उनसे व्यक्तिगत परिचय हुआ और पुलिस से पीछा छूटा.

**ब्यावरा की पहली शाखा अग्रवाल धर्मशाला** में प्रारंभ हुई थी उसमें प्रारंभिक दौर पर जुड़ने वाले स्वयंसेवक लक्ष्मीनारायण मेवाड़ा (मुंशी जी), विष्णुदत्त, रामनारायण शर्मा, गिरधारी लाल कांधी व ब्रजकिशोर शर्मा है.

**नरसिंहगढ़ की पहली शाखा 1942 में प्रारंभ हुई** और 1944 में यहां बालकृष्ण सप्त ऋषि प्रचारक बनकर आए यहां स्वयंसेवक थे किशनलाल मंडलोई, आत्माराम देशवाली.

**इसी तरह खुजनेर की शाखा वहीं के निवासी** हरिनारायण टेलर ने शुरू की थी सारंगपुर में उनका एक स्वयंसेवक से परिचय हुआ उन्होंने अपने गांव में शंकर जी की बगीचे में शाखा लगाना प्रारंभ की.

**जीरापुर में सन 1944 में कमलाकर शुक्ला प्रचारक** नियुक्त किए गए थे और अपनी संगठन कुशलता से जीरापुर के गांव गांव तक उन्होंने संघ कार्य को पहुंचा था इस कल्पना हम एक तथ्य से भी कर सकते हैं कि सन 1946 में विजयादशमी उत्सव में 2000 लोगों की उपस्थिति रही थी. भाऊसाहब इंदुरकर सन 1944 तक इस जिले के जिला प्रचारक रहे.

### जिले के 17 लोगों ने प्रचारक जीवन जिया

जिले में अब तक 17 लोगों ने प्रचारक के रूप में अपना जीवन संघ को समर्पित किया है. इनमें सुरेश सोनी, परमानंद मनोहर, जितेंद्र सिंह पवार, स्वर्गीय भगवत शरण माथुर, गिरिराज धरण शर्मा, रोडमल नागर, राम गोपाल शर्मा, सत्यनारायण सोनी, महेश चौधरी, धीरज सिंह चौहान, प्रहलाद विश्वकर्मा, गोपाल विश्वकर्मा, प्रकाश मंडलोई, रविंद्र पोद्दार, राधेश्याम पाटिल और मोहन नागर के नाम शामिल है.